बिहार सरकार

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

Email पत्रांक- प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6582 /खाद्य,पटना/दिनांक 4/8/2011

प्रेषक,

कृष्ण चन्द्र झा,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त
सभी जिला पदाधिकारी ।

विषयः- मुख्यमंत्री शताब्दी चावल उत्सव 2011 के अन्तर्गत राज्य के सर्वेक्षित सभी बी0पी0एल0 परिवारों को एकमुश्त 20 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महाशय,

आप अवगत है कि राज्य के सभी सर्वेक्षित बी0पी0एल0 परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने हेतु राज्य सरकार कृत संकल्प है । वर्तमान में इन परिवारों को 25 किलोग्राम (10 किलो गेहूँ + 15 किलो चावल) प्रति माह उपलब्ध कराया जा रहा है ।

सभी सर्वेक्षित बी0पी0एल0 परिवारों को नियमित मासिक रूप से उपलब्ध कराये जा रहे खाद्यान्न के अतिरिक्त एकमुश्त 20 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है । चूकि बिहार राज्य ने शताब्दी वर्ष में प्रवेश किया है, अतएव खाद्यान्न वितरण के इस कार्यक्रम का नाम **मुख्यमंत्री शताब्दी चावल उत्सव 2011** रखा गया है ।

चावल का मूल्य जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से जमा कराने हेतु विभागीय पत्र सं0- 5740 दिनांक 23.06.2011 द्वारा सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को निदेश दिया जा चुका है और विक्रेताओं को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए राज्य खाद्य निगम से भी अनुरोध किया गया है ।

इस कार्यक्रम को प्रमंडलवार रोस्टर बनाकर कार्यान्वित किया जाएगा । चावल वितरण का प्रमंडलवार रोस्टर निम्नवत् है :-

| क्र0 | प्रमंडल का नाम | चावल वितरण अवधि |
|---|---|---|
| 1. | पटना<br>पूर्णिया | 15.08.2011 से 22.08.2011 तक |
| 2. | कोशी<br>भागलपुर | 23.08.2011 से 29.08.2011 तक |
| 3. | मुंगेर | 30.08.2011 से 05.09.2011 तक |
| 4. | तिरहुत<br>सारण | 06.09.2011 से 12.09.2011 तक |
| 5. | मगध<br>दरभंगा | 13.09.2011 से 19.09.2011 तक |

अतः अनुरोध है कि सभी सर्वेक्षित बी0पी0एल0 परिवारों को उक्त रोस्टर के अनुसार निर्धारित अवधि में बी0पी0एल0 दर पर एकमुश्त 20 किलोग्राम चावल का वितरण सुनिश्चित किया जाय । चावल का जिलावार आवंटन तालिका इससे साथ संलग्न है । कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु जन वितरण प्रणाली के दुकानों पर जिला प्रशासन से एक प्रतिनिधि को प्रतिनियुक्त किया जाय एवं उनकी प्रतिनियुक्ति से संबंधित एक विस्तृत रोस्टर तैयार किया जाय तथा इसकी समेकित प्रति विभाग को उपलब्ध कराया जाय । साथ ही इस रोस्टर की प्रति स्थानीय जन प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराते हुए वितरण के समय उपस्थित रहने हेतु आग्रह किया जाय ।

सभी बी0पी0एल0 परिवारों को उक्त कार्यक्रम की जानकारी के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार विशेषकर जिला एवं प्रखंड मुख्यालयों में होर्डिंग लगा कर किया जाय । अगर इस मद में अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हो तो अधियाचना विभाग को भेजी जाय । चावल वितरण की अवधि में प्रत्येक जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से अपने दुकानों पर उक्त कार्यक्रम से संबंधित एक बैनर लगवाना सुनिश्चित किया जाय, जिसमें **मुख्यमंत्री शताब्दी चावल उत्सव 2011**, वितरण अवधि, चावल की मात्रा आदि का उल्लेख हो ।

सर्वेक्षित बी0पी0एल0 परिवारों को चावल का वितरण राशन कार्ड के आधार पर कराया जाय एवं इसकी प्रविष्टि राशन कार्ड एवं वितरण पंजी में कराई जाय तथा प्रतिदिन वितरण कार्यक्रम की प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाय ।

चूकि राज्य सरकार द्वारा सभी सर्वेक्षित बी0पी0एल0 परिवारों को एकमुश्त 20 किलो चावल निर्धारित अवधि में उपलब्ध कराने का कार्यक्रम है अतः अनुरोध है कि उक्त अवधि के पूर्व जिलान्तर्गत आपूर्ति से संबंधित सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा कर ली जाय कि आवश्यकतानुसार सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा चावल का भंडारण वितरण के लिए कर लिया गया है । यदि इस कार्यक्रम में किसी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही दृष्टिगत होती है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय ।

विश्वासभाजन

अनु0:- यथोक्त ।

04/08/2011

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक- प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6582 /खाद्य,पटना/दिनांक 4/8/2011

प्रतिलिपि - प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित प्रमंडलों में निर्धारित अवधि के पूर्व भारतीय खाद्य निगम से खाद्यान्न का उठाव कर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को आपूर्ति करना सुनिश्चित किया

जाय । विभाग द्वारा विभिन्न पत्रों द्वारा चावल का तदर्थ आवंटन आपको उपलब्ध कराया गया है । संलग्न जिलावार आवंटन तालिका में अंकित मात्रा का चावल उक्त दिये गये आवंटन में समायोजित कर लिया जाय ।

04/08/11

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6582 /खाद्य,पटना/दिनांक 4/8/2011

प्रतिलिपि - महाप्रबंधक (क्षेत्र), भारतीय खाद्य निगम, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

उनसे अनुरोध है कि राज्य खाद्य निगम के आवश्यकतानुरूप चावल की आपूर्ति ससमय सुनिश्चित किया जाय ।

04/08/11

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6582 /खाद्य,पटना/दिनांक 4/8/2011

प्रतिलिपि - सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

04/08/11

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6582 /खाद्य,पटना/दिनांक 4/8/2011

प्रतिलिपि - संयुक्त सचिव को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

04/08/11

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6582 /खाद्य,पटना/दिनांक 4/8/2011

प्रतिलिपि - माननीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

04/08/11

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6582 /खाद्य,पटना/दिनांक 4/8/2011

प्रतिलिपि - विभाग आई0टी0 पदाधिकारी को विभागीय बेवसाइट पर डालने एवं सभी संबंधितों को ई-मेल करने हेतु प्रेषित ।

04/08/11

सरकार के अपर सचिव ।

बिहार सरकार

**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

सर्वेक्षित बी0पी0एल0 परिवारों को एकमुश्त 20 किलोग्राम चावल की आपूर्ति हेतु जिलावार आवंटन

(मात्रा क्वींटल में)

| क्र0 स0 | प्रमंडल का नाम | क्रमांक | जिला का नाम | ग्रामीण क्षेत्र में बी.पी.एल. लाभुकों की संख्या | शहरी क्षेत्र में नवसर्वेक्षित बी.पी.एल. लाभुकों की संख्या | कुल बी.पी.एल. लाभुकों की संख्या (5 + 6) | प्रति बी0पी0एल0 परिवार 20 किलोग्राम की दर से चावल का एकमुश्त आवंटन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पटना | 1 | पटना | 335708 | 159845 | 495553 | 99110.60 |
| | | 2 | भोजपुर | 253616 | 27629 | 281245 | 56249.00 |
| | | 3 | बक्सर | 154951 | 10203 | 165154 | 33030.80 |
| | | 4 | रोहतास | 261286 | 23659 | 284945 | 56989.00 |
| | | 5 | भभुआ (कैमूर) | 178615 | 1927 | 180542 | 36108.40 |
| | | 6 | नालन्दा | 285246 | 37992 | 323238 | 64647.60 |
| | | | योग :- | **1469422** | **261255** | **1730677** | **346135.40** |
| 2 | मगध | 7 | गया | 372321 | 29956 | 402277 | 80455.40 |
| | | 8 | औरंगाबाद | 223812 | 12668 | 236480 | 47296.00 |
| | | 9 | जहानाबाद | 80448 | 7224 | 87672 | 17534.40 |
| | | 10 | नवादा | 171441 | 10629 | 182070 | 36414.00 |
| | | 11 | अरवल | 70970 | 0 | 70970 | 14194.00 |
| | | | योग :- | **918992** | **60477** | **979469** | **195893.80** |
| 3 | मुंगेर | 12 | जमुई | 183692 | 11711 | 195403 | 39080.60 |
| | | 13 | खगड़िया | 168644 | 8964 | 177608 | 35521.60 |
| | | 14 | मुंगेर | 112447 | 29152 | 141599 | 28319.80 |
| | | 15 | लखीसराय | 75353 | 12384 | 87737 | 17547.40 |
| | | 16 | शेखपुरा | 55038 | 8234 | 63272 | 12654.40 |
| | | | योग :- | **595174** | **70445** | **665619** | **133123.80** |
| 4 | भागलपुर | 17 | भागलपुर | 273313 | 37731 | 311044 | 62208.80 |
| | | 18 | बांका | 189395 | 6384 | 195779 | 39155.80 |
| | | | योग :- | **462708** | **44115** | **506823** | **101364.60** |
| 5 | पूर्णियां | 19 | पूर्णिया | 360668 | 21905 | 382573 | 76514.60 |
| | | 20 | अररिया | 343122 | 19721 | 362843 | 72568.60 |
| | | 21 | किशनगंज | 233313 | 20161 | 253474 | 50694.80 |
| | | 22 | कटिहार | 310263 | 21432 | 331695 | 66339.00 |
| | | | योग :- | **1247366** | **83219** | **1330585** | **266117.00** |
| 6 | कोशी | 23 | सहरसा | 197022 | 16605 | 213627 | 42725.40 |
| | | 24 | सुपौल | 295998 | 11602 | 307600 | 61520.00 |
| | | 25 | मधेपुरा | 253989 | 9232 | 263221 | 52644.20 |
| | | | योग :- | **747009** | **37439** | **784448** | **156889.60** |
| 7 | सारण | 26 | सारण | 320681 | 35690 | 356371 | 71274.20 |
| | | 27 | सीवान | 265674 | 9877 | 275551 | 55110.20 |
| | | 28 | गोपालगंज | 222323 | 13678 | 236001 | 47200.20 |
| | | | योग :- | **808678** | **59245** | **867923** | **173584.60** |
| 8 | तिरहुत | 29 | पूर्वी चम्पारण | 580331 | 22236 | 602567 | 120513.40 |
| | | 30 | प0 चम्पारण | 402061 | 35951 | 438012 | 87602.40 |
| | | 31 | मुजफ्फरपुर | 505325 | 25614 | 530939 | 106187.80 |
| | | 32 | शिवहर | 84131 | 3437 | 87568 | 17513.60 |
| | | 33 | सीतामढ़ी | 434307 | 14428 | 448735 | 89747.00 |
| | | 34 | वैशाली | 440382 | 30151 | 470533 | 94106.60 |
| | | | योग :- | **2446537** | **131817** | **2578354** | **515670.80** |
| 9 | दरभंगा | 35 | बेगुसराय | 286970 | 7611 | 294581 | 58916.20 |
| | | 36 | दरभंगा | 368862 | 29782 | 398644 | 79728.80 |
| | | 37 | मधुबनी | 621001 | 14275 | 635276 | 127055.20 |
| | | 38 | समस्तीपुर | 397434 | 7568 | 405002 | 81000.40 |
| | | | योग :- | **1674267** | **59236** | **1733503** | 346700.60 |
| | | | **कुल योग :-** | **10370153** | **807248** | **11177401** | **2235480.20** |

बिहार सरकार

<u>खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग</u>

पत्रांक- प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6640 /खाद्य,पटना/दिनांक 9.8.2011

प्रेषक,

कृष्ण चन्द्र झा,
सरकार के अपर सचिव ।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त
सभी जिला पदाधिकारी ।

विषयः- **चावल उत्सव 2011** के अन्तर्गत राज्य के सर्वेक्षित सभी बी0पी0एल0 परिवारों को एकमुश्त 20 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराने के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्र सं0-6582 दिनांक 04.08.2011 के प्रसंग में कहना है कि सभी सर्वेक्षित बी0पी0एल0 परिवारों को नियमित मासिक रूप से उपलब्ध कराये जा रहे खाद्यान्न के अतिरिक्त बी0पी0एल0 दर पर एकमुश्त 20 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराया जाना है । उक्त पत्र में इस कार्यक्रम का नाम **"मुख्यमंत्री शताब्दी चावल उत्सव"** 2011 का उल्लेख है । उक्त कार्यक्रम का नाम संशोधित करते हुए **"चावल उत्सव 2011"** रखे जाने का निर्णय लिया गया है ।

तदनुसार अनुरोध है कि होडिंग और बैनर पर **"चावल उत्सव समारोह"** अंकित किया जाय । बैनर का एक मॉडल प्रारूप इसके साथ संलग्न किया जा रहा है जिसे ई-मेल से आपको भेजा जा रहा है एवं यह विभागीय बेवसाइट पर भी उपलब्ध है ।

उक्त पत्र की शेष कंडिकाएँ यथावत् रहेंगी ।

2. उल्लेखनीय है कि सरकार का यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके अन्तर्गत राज्य के सर्वेक्षित सभी बी0पी0एल0 परिवारों को एकमुश्त 20 किलोग्राम चावल उपलब्ध कराना है । इसके लिए यह आवश्यक है कि जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से पे-इन-स्लिप के माध्यम से खाद्यान्न का मूल्य राज्य खाद्य निगम में जमा कराते हुए निर्धारित कार्यक्रम के पूर्व खाद्यान्न का उठाव सुनिश्चित किया जाय ।

3. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चावल उत्सव समारोह एक अभियान के तौर पर चलाई जाय एवं चावल वितरण कार्यक्रम का गहन अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण हेतु अनुमंडल पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया जाय ताकि बी0पी0एल0 परिवारों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं हो एवं कोई इच्छुक बी0पी0एल0 परिवार इससे वंचित नही रहें ।

अतः अनुरोध है कि उक्त निदेशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए वांछित रोस्टर की प्रति अविलंब विभाग को उपलब्ध कराई जाय ।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय ।

विश्वासभाजन

अनु0:- यथोक्त ।

9/8/11

सरकार के अपर सचिव ।

D:\Drive_F\Year.-2011\Section._-06\B.P.L.doc

ज्ञापांक- प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6640 /खाद्य,पटना/दिनांक 9.8.2011
प्रतिलिपि - प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

9/8
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6640 /खाद्य,पटना/दिनांक 9.8.2011
प्रतिलिपि - महाप्रबंधक (क्षेत्र), भारतीय खाद्य निगम, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

9/8
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6640 /खाद्य,पटना/दिनांक 9.8.2011
प्रतिलिपि - सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

9/8
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6640 /खाद्य,पटना/दिनांक 9.8.2011
प्रतिलिपि - संयुक्त सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना एवं प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा - 05 को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

9/8
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6640 /खाद्य,पटना/दिनांक 9.8.2011
प्रतिलिपि - माननीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित ।

9/8/11
सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक-प्र06-आवंटन/बी0पी0एल0-01/11 6640 /खाद्य,पटना/दिनांक 9.8.2011
प्रतिलिपि - विभागीय आई0टी0 पदाधिकारी को विभागीय बेवसाइट पर डालने एवं सभी संबंधितों को ई-मेल करने हेतु प्रेषित ।

9/8/11
सरकार के अपर सचिव ।